हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

11 व्यवस्था परिवर्तन के साथ ग्रामीण आंचल को बनाया जा रहा सशक्त



12 हड़ताल में डॉक्टरों ने घर पर फरमाया आराम, ओपीडी में खुद सीएमओ ने संभाली कमान



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट में कई लोग नामजद

**रेवाड़ी।** पीथड़ावास में जमीन विवाद में एक युवक पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में मोनू ने बताया कि वह गांव के बस स्टैंड पर अपने प्लॉट में मौजूद था। इसी दौरान क्रेटा गाड़ी में आए आधा दर्जन लोगों ने प्लॉट में घुसकर उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोगों के आने पर वह धमकी देकर चले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मकान के ताले काटकर नकदी व सामान चोरी

**रेवाड़ी।** देवनगर में चोर एक मकान के ताले काटकर नकदी व चांदी के सिक्कों सहित कई सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नरेश गुप्ता ने बताया कि वह परिवार सहित घर से बाहर गया हुआ था। वापस आने पर मकान के ताले टूटे हुए मिले। चोर घर से 20 हजार रुपये, चांदी के 72 सिक्के व चांदी का काफी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### लापरवाही के आरोप में दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पुलिस ने 25 दिसंबर को हुए हादसे में गुरूग्राम के संचौली निवासी चालक राबिर को गिरफ्तार किया है। गत 21 नवंबर को सदर थाना क्षेत्र में हुए हादसे में पुलिस ने रजाक को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत 26 नवंबर को शिव कॉलोनी में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। इस मामले कॉलोनी के तोशांत व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया।

### एसवाईएल पर जवाबदेही से भाग रहे मान

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि एसवाईएल नहर निर्माण के मुद्दे पर पंजाब और हरियाणा के सीएम की बैठक एक बार फिर बेनतीजा साबित हुई है। पंजाब के सीएम भगवंत मान अपने प्रदेश में नहरी पानी फालतू नहीं होने का राग अलापकर जवाबदेही से भाग रहे हैं। केंद्र सरकार को सेना या केंद्रीय सीमा सड़क संगठन की निगरानी में एसवाईएल नहर का निर्माण कराना चाहिए।

### नव वर्ष के उपलक्ष्य में संस्था का कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आओ-नए संकल्प से नई सृष्टि का निर्माण करें कार्यक्रम का 31 दिसंबर को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि डा. आरबी यादव क्षेत्रीय प्रचारक भारत विकास परिषद कार्यक्रम में मुख्यातिथि व शिक्षाविद् प्रो. सीएल सोनी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नव प्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक, शिक्षाविद सुनीता शास्त्री व वक्ता श्रुति आर्य का अभिनंदन किया जाएगा।

### डहीना में श्याम बाबा का जागरण कल

**डहीना।** नए वर्ष के उपलक्ष्य में श्री श्याम सेवक परिवार डहीना की ओर से 31 दिसंबर को जागरण का आयोजन किया जाएगा। कमेटी कोषाध्यक्ष अमित सिंघल ने बताया की मुख्य बाजार धर्मशाला में श्याम बाबा का जागरण किया जाएगा, जिसमे बाबा के अलौकिक दरबार के साथ शिवम अग्रवाल रेवाड़ी व सविता चौधरी अलवर बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### बसें चलाने के लिए उधारी मांगकर खरीदा जा रहा डीजल

# रोडवेज डिपो का ट्रेजरी एकाउंट दो माह से सीज नए साल में अटकेगा कई कर्मचारियों का वेतन

■ नए साल में 11 जनवरी को नारनौल कोर्ट में होगी सुनवाई

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अफसरों का कोर्ट के आदेशों की पालना नहीं करना रोडवेज के सात सौ से अधिक कर्मचारियों को नए साल में भुगतना पड़ सकता है। कोर्ट के आदेश पर करीब 2 माह से रेवाडी का ट्रेजरी अकाउंट सीज है, जिस कारण नए साल की पहली तारीख को कर्मचारियों के वेतन भुगतान की उम्मीद कम है। खाता सीज होने के कारण डिपो के सभी बिल पेंडिंग पड़े हुए हैं। खाता खुलने के लिए 11 जनवरी को कोर्ट की सुनवाई तक इंतजार करना पड़ेगा। रोडवेज के कर्मचारी की ओर से एरियर का भुगतान पाने के लिए नारनौल में जस्टिस आर्य शर्मा की कोर्ट में वाद दायर किया हुआ है। उसके बयाज के रूप में एरियर की राशि करीब 46 लाख रुपये बताई जा रही है। कोर्ट ने अपने फैसले में रोडवेज डिपो के अधिकारियों को आदेश दिए थे कि इस राशि का भुगतान किया जाए, परंतु अधिकारियों ने कोर्ट के फैसले की पालना नहीं की। बाद में कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए रेवाड़ी डिपो का टेजरी खाता सीज करने के आदेश जारी किए थे। करीब दो माह पूर्व ट्रेजरी खाता सीज किए जाने के बाद डिपो के सामने कई आर्थिक लेन-देन की मुश्किलें पैदा हो गईं। कोर्ट के फैसले की पालना करने की बजाय अधिकारियों ने ट्रेजरी अकाउंट खुलवाने व बस या दूसरी संपत्ति अटैच करने की गुहार कोर्ट से लगाई थी, जिसे कोर्ट ने मानने से इंकार कर दिया। अगली सुनवाई 11 जनवरी को होगी।




**रेवाड़ी।** बस स्टैंड रेवाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### डीजल के लिए नारनौल डिपो से उधार

*रोडवेज के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डिपो की बसों का संचालन बाधित होने से बचाने के लिए डीजल की खरीद नारनौल डिपो से पैसे उधार लेकर की जा रही है। डिपो में 700 से अधिक कर्मचारी हैं। गत माह किसी तरह उनके वेतन का जुगाड़ कोर्ट से गुहार लगाकर कर लिया गया था, परंतु इस बार ऐसा होने के आसार नहीं हैं। कर्मचारियों को हर माह की पहली तारीख को वेतन का भुगतान किया जाता है, लेकिन इस बार कोर्ट की सुनवाई तक वेतन रिलीज होने की संभावना नजर नहीं आ रही।*

### कोर्ट से बहाल हुआ था बर्खास्त कर्मचारी

रोडवेज के एक चालक जगदीश को विभाग ने बर्खास्त कर दिया था। विभागीय फैसले को जगदीश ने नारनौल कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला देते हुए बहाल करने से लेकर अन्य सेवा लाभ का भुगतान करने के आदेश भी जारी किए थे। इसमें ब्याज की करीब 46 लाख रुपये राशि भी शामिल थी। विभाग की ओर से इस राशि को छोड़कर अन्य का भुगतान कर दिया गया था। इसके बाद जगदीश ने एक बार फिर कोर्ट से ब्याज की बकाया राशि दिलवाने के लिए फरियाद लगाई थी।

### अटके पड़े भुगतान संबंधी सभी मामले

*डिपो में कर्मचारियों के टीए-डीएल के बिल व अन्य वित्तीय लेन-देन ट्रेजरी के माध्यम से ही होते हैं। अकाउंट सीज होने के कारण यह मामले अटके हुए हैं। इससे कई कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारियों ने कोर्ट के समक्ष पेश होकर आग्रह किया था कि ट्रेजरी अकाउंट की जगह रोडवेज बस या किसी अन्य संपत्ति को अटैच कर दिया जाएगा, लेकिन कोर्ट ने उनके आग्रह पर विचार नहीं किया। अब डिपो के सामने कर्मचारी की बकाया राशि का भुगतान करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।*

### कोर्ट में सुनवाई के बाद ही समाधान

*आगामी 11 जनवरी को कोर्ट में मामले की सुनवाई होनी है। तब तक वेतन के लिए कर्मचारियों को इंतजार करना पड़ सकता है। वेतन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उच्चाधिकारी ही कर सकते हैं।*

*-राजकुमार, लेखाधिकारी, रोडवेज डिपो।*

# लोक नृत्य में एकता रही प्रथम

■ राजकीय स्कूल बनीपुर व बावल का मिलन समारोह आयोजित, अनुभवों का किया आदान-प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यक्रम में सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनीपुर की 9 से 12 कक्षा की 18 छात्राओं व 2 अध्यापिकाओं का बावल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 18 छात्राओं के साथ अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से जुड़ने का साझा प्रयास किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य में एकता बनीपुर स्कूल ने प्रथम स्थान व लवनीशा बावल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में खुशी बावल स्कूल ने प्रथम, रानी बनीपुर स्कूल ने द्वितीय, कविता पाठ में भूमिका बावल स्कूल ने प्रथम, चेताली बनीपुर स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में पूजा बनीपुर स्कूल ने प्रथम व सीमा बावल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेलों में नींबू रेस, तीन टांग दौड़, पीछे दौड़ और रस्साकसी कराई गई, जिसमे नींबू रेस में भूमिका प्रथम व पायल द्वितीय, तीन टांग दौड़ में चारु और सिमरन प्रथम, कंचन और सरिता द्वितीय, बैक रेस में भूमिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को लाइब्रेरी और विज्ञान प्रयोगशाला भ्रमण कराया गया। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डा. बबीता वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी सहयोग और व्यवहारिकता में गुणात्मक रूप से वृद्धि होती है। विद्यार्थी जीवन में हमें लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। विद्यार्थियों ने आपस में विचारों और अनुभवों का आदान प्रदान किया। मंच संचालन सुमन प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने किया। बावल स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण गौड़ ने विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिए। कार्यक्रम के आयोजन में धनिष्ठा, मीनाक्षी और एबीआरसी सुमन का सहयोग रहा। बनीपुर विद्यालय की प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया।




**रेवाड़ी।** छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

# रहस्यमय ढंग से लापता हुआ मासूम बच्चा सीआईए ने तलाशने को झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा की सैनी कॉलोनी से करीब 9 वर्षीय बच्चा ट्यूशन पर जाने के बाद लापता हो गया। बच्चे की तलाश का जिम्मा एसपी दीपक सहारन ने सीआईए को सौंपा है। सीआईए ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बच्चे की तलाश में पूरी ताकत झोंक दी है। फुटेज में बच्चा धारूहेड़ा के सेक्टर तक नजर आया है।

मूल रूप से बिहार के जिला आरा के गांव मझि निवासी अनीष कुमार सैनी कॉलोनी में दीपक यादव के मकान में किराए पर रहा है। उसके दो बेटियां और एक बेटा प्रीतम कुमार है। प्रीतम एक स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र है। पुलिस को दर्ज शिकायत में अनीष ने बताया कि उसका बेटा प्रीतम 28 दिसंबर को घर से पड़ोस में ट्यूशन के लिए निकला था। समय पर घर नहीं आने के बाद उसने बच्चे की तलाश शुरू। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह घर से निकलने के बाद ट्यूशन के लिए पहुंचा ही नहीं। अनीष ने अपने स्तर पर बच्चे की काफी तलाश की, परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में उसने धारूहेड़ा के सेक्टर-6 पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्चे के अपहरण का केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। मामला संज्ञान में आते ही एसपी दीपक सहारन ने सीआईए को बच्चे की तलाश करने के आदेश जारी कर दिए।

### फुटेज में दो और बच्चे साथ आए नजर

सीआईए व सेक्टर-6 पुलिस थाने की टीमों ने शुक्रवार को सुबह से ही सैनी कॉलोनी व आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चे की तलाश शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक फुटेज में बच्चे के साथ दो बच्चे और नजर आ रहे हैं। उनमें एक बच्चा मोमोज की रेहड़ी लगाने वाला है। यह बच्चा फुटेज में प्रीतम की टोपी लेकर भागता दिखाई दे रहा है। उसके पीछे प्रीतम भाग रहा है। दूसरा बच्चा भी अपने घर पर है। प्रीतम सेक्टर तक सीसीटीवी फुटेज में नजर आया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सेक्टर का रास्ता नहीं जानने के कारण भटककर वह कहीं चला गया।



■ कई स्थानों पर चेक की सीसीटीवी फुटेज, सेक्टर में जाने के बाद हुआ गायब

### कल नगर भ्रमण कर मंदिरों को सौंपे जाएंगे अक्षत कलश

**रेवाड़ी।** श्रीराम जन्मभूमि में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या से प्रत्येक नागरिक को निमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत आ गए हैं। अक्षत का 31 दिसंबर को नगर भ्रमण कराकर हर बस्ती के मंदिरों में पहुंचाया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक नरेंद्र जोशी ने बताया कि अक्षत भ्रमण यात्रा में नगर के सभी राम सेवक शामिल होंगे। शोभा यात्रा शिव मंदिर अनाज मंडी से प्रारम्भ होकर शहर मुख्य बाजार से होते हुए पुनः अनाज मंडी पहुंचेगी। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न बस्तियों के करीब 120 मंदिरों में पूजित अक्षत कलश मंदिरों से आई महिलाओं को भेंट किए जाएंगे और उन्हें उसी दिन मंदिरों में स्थापित किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन पर हरियाणा से सीख लें दूसरे राज्यः राजीव

■ केंद्रीय मंत्री ने मिशन की सफलता पर थपथपाई सरकार की पीठ

■ लोकसभा चुनावों में भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें मिलने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जल जीवन मिशन को लागू करने में हरियाणा देश का दूसरा राज्य है। देश के अन्य राज्यों को इस मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा का अनुशरण करना चाहिए। चंद्रशेखर शुक्रवार को बावल हलके के गांव रघुनाथपुरा और चांदूवास में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम प्रदेश के जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारीलाल के संयोजन में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने जल जीवन मिशन का टारगेट गत वर्ष मार्च माह में ही अचिव कर लिया। वह खुद यह जानने के लिए आए हैं कि प्रदेश ने मिशन को पूरा करने के लिए क्या फार्मूला अपनाया। इसके लिए उन्होंने सीएम मनोहरलाल और डा. बनवारीलाल के प्रयासों की खुलकर सराहना की। दूसरे राज्यों में इस मिशन को पूरा कराने के लिए वह हरियाणा को रोल मॉडल के रूप में पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश विकास की राह पर तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने विदेशों में भी भारत की धाक जमाने का काम किया है। 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ मोदी लगातार देश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोग मोदी को एक बार फिर से भारी बहुमत के साथ पीएम बनाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा की सीटों में पिछली बार से ज्यादा वृद्धि होगी।





**रेवाड़ी।** सम्मानित करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजीव चंद्रशेखर, निरीक्षण करते केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजीव चंद्रशेखर।

### विपक्ष का मिशन जनता में भ्रम फैलाना

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। पैगासस जासूसी पर विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास जनता में भ्रम फैलाने के सिवाय कोई मुद्दा नहीं बचा है। विपक्ष तोड़ने की राजनीति कर रहा है, जबकि भाजपा जोड़ने में विश्वास रखती है। उन्होंने विपक्ष को नसीहत दी कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए वह स्वस्थ बहस करने को आगे आए, भाजपा उसका जवाब देने के लिए तैयार है।

### कुशल नीतियों से हासिल किया लक्ष्य

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने कहा कि जल जीवन मिशन को समय पर पूरा करना प्रदेश सरकार के सामने बड़ी चुनौती थी। सीएम मनोहरलाल की कुशल नीतियों के साथ प्रदेश सरकार ने इस मिशन को समय से पहले पूरा करने सफलता हासिल की। उन्होंने कहा केंद्र में मोदी और प्रदेश में मनोहर सरकार जनहित की योजनाओं को क्रियांवित कराने में देरी नहीं कर रहीं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। प्रदेश सरकार चहुंमुखी विकास पर कार्य कर रही है।

### यह रहे कार्यक्रम में माजूद

कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश राठी, एसडीएम होशियार सिंह,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी बावल मंडल के कार्यकारी अभियंता रविंद्र कुमार, रेवाड़ी मंडल के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान, मंडल अभियंता मुकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता निकित कुमार, प्रवीण कुमार, रोहित, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार योगेंद्र परमार, खंड संयोजक ईश्वर कुमार, विनोद कुमार एवं संदीप कुमार सहित गांवों के सरपंच व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### कोहरे का प्रकोप लगातार चौथे दिन भी जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

# सीजन का सबसे ठंडा शुक्रवार, पांच डिग्री से ज्यादा गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साल खत्म होने के तीन पहले ठंड पीक पर आ गई। शुक्रवार सर्दी के इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान पांच डिग्री से भी ज्यादा गिर गया, जबकि न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। लगातार चौथे दिन कोहरा छाया रहा। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने के कारण दोपहर बाद भी वाहनों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा। सर्वाधिक ठंड वाले इस दिन कोहरा भी सबसे गहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन बाद कोहरे से राहत मिल सकती है, परंतु ठंड का असर अभी और बढ़ सकता है। गत वर्ष की तुलना में 29 दिसंबर का दिन ज्यादा ठंडा रहा। पिछले साल इस अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर 14 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस से कम होकर 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस सीजन में दोनों ही तापमान अब तक सबसे कम रहे हैं। वीरवार की रात छाया कोहरा सुबह के समय गहरा गया। कोहरे की दृश्यता कई स्थानों पर काफी कम रही। सुबह का कोहरा दोपहर के समय साफ होने के आसार एक बार बने, परंतु सूरज को कोहरे ने अपने आगोश से बाहर नहीं आने दिया। दिन भर सूरज के दर्शन नहीं होने से दोपहर के समय भी ठंड से लोग कंपकंपाते रहे। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही। दोपहर के समय भी वाहन चालकों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा। कई ट्रेनों का संचालन एक से दो घंटे की देरी से हुआ, जिससे रेल यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।



**रेवाड़ी।** शुक्रवार को अनाजमंडी में अलाव से ठंड का बचाव करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

### इस तरह करें ठंड से बचाव

- जरूरी कार्य नहीं होने तो घर से बाहर निकलने से बचें।
- शरीर पर आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त गर्म वस्त्र पहनें।
- ज्यादा ठंड पड़ने की स्थिति में सुबह की सैर करने से बचें।
- फ्रीज में रखे पानी या खाद्य सामग्री का इस्तेमाल नहीं करें।
- बाहर की बजाय घर में बने सात्विक भोजन का ही यूज करें।
- भोजन में हरी सब्जियों का इस्तेमाल अधिक से अधिक करें।

### सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

सीजन में पहली बार कड़ाके की ठंड शुरू होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाजार से दिन भर भीड़ गायब रहने लगी है, तो सड़कों पर वाहनों की संख्या भी कम हो गई है। जरूरी कार्य के चलते ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक लोग अलाव जलाकर ठंड उतारते नजर आने लगे हैं। मौसम विभाग का अनुसार है कि अभी दो दिन तक कोहरे का प्रकोप बना रह सकता है। तापमान में और गिरावट आने से पाला जमने के आसार नजर आने लगे हैं।

### बढ़ सकते हैं सर्दी-जुकाम के मरीज

मौसम ठंडा होने के बाद सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या जल्द बढ़ सकती है। ठंड बढ़ते ही बैक्टिरिया और वायरस सक्रिय होने लगते हैं, जो लोगों को बीमारी की चपेट में ले लेते हैं। ऐसे में सर्दी, जुकाम और बुखार के साथ-साथ पेट दर्द की शिकायत भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सावधान रहना चाहिए। सीएमओ डा. सुरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि ठंड बढ़ने के बाद बुजुर्गों और बच्चों को इससे बचाना जरूरी है। दमा और हर्ट के मरीजों को इस सीजन में ज्यादा सावधान रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने पीआईडीएफ योजना 2025 तक बढ़ाई



**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दिया। इसके साथ ही 'साउंड बॉक्स' उपकरण और 'आधार' से जुड़े बायोमेट्रिक उपकरणों को शामिल करके सब्सिडी देने की गुंजाइश को बढ़ा दिया गया है।

### पावर ग्रिड को बांड से राशि जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बांड के जरिये 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बांड पर गठित निदेशकों की समिति ने 29 जुलाई को पूंजीगत व्यय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई किस्तों में वित्त वर्ष 2023-24 में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 3,244 करोड़ के नए ठेके



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को उसकी विदेशी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के साथ 3,244 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने इसके साथ ही भूमिगत मेट्रो रेल सुरंग क्षेत्र में भी प्रवेश की घोषणा की है। भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के 'डिजाइन' तथा निर्माण का ठेका मिला है।

### नवंबर में प्लास्टिक निर्यात में 5.6 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** भारत से प्लास्टिक निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 89.2 करोड़ डॉलर रह गया है। इसकी मुख्य वजह विविध उत्पादों की निर्यात खेप में गिरावट आना है। प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। नवंबर, 2022 में कुल प्लास्टिक निर्यात 94.5 करोड़ डॉलर का हुआ था।

### जूमकार का इनोवेटिक के साथ विलय पूर्ण

**नई दिल्ली।** कार साझा करने वाले मंच जूमकार और विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी 'इनोवेटिव इंटरनेशनल एक्विजिशन कॉर्पोरेशन' (आईओएसी) ने शुक्रवार को अपना विलय पूरा कर लिया। जूमकार ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई का नाम जूमकार होल्डिंग्स इंक रखा गया है और यह नैसडैक पर तत्काल अपना कारोबार शुरू कर सकती है।

### इसरार अहमद बने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इसरार अहमद ने भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति स्थायी अध्यक्ष के चुनाव तक प्रभावी होगी। भारतीय निर्यातकों के निकाय ने बयान में कहा कि उपाध्यक्ष अहमद ने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फियो के निवर्तमान अध्यक्ष ए शक्तिवेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। फियो का चुनाव पहले ही होने वाला था लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने इसे टाल दिया है। इस साल मई में एक समिति का गठन किया गया है जो निर्यात संवर्द्धन परिषदों और फियो के पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा कर रही है।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

## ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

■ ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



■ बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,84 6.25 करोड़ रुपए रहा

■ खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी

■ खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घटबराते नहीं हैं

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा :साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# तेल कंपनियां इथेनॉल पर देगी प्रोत्साहन राशि




■ सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल पर मिलेंगे 6.87 रुपए प्रति लीटर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आपूर्ति बढ़ाने के लिए सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल पर 6.87 रुपये प्रति लीटर का प्रोत्साहन देने की पेशकश की है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल उत्पादन को अधिकतम करने और इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।' सी-हैवी श्रेणी का शीरा चीनी कारखानों का एक उप-उत्पाद है। इथेनॉल उत्पादन के लिए इसका उपयोग हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। जीवाश्म ईंधन की खपत तथा आयात निर्भरता में कटौती के लिए एक सरकारी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में तेल कंपनियां पेट्रोल में 12 प्रतिशत तक इथेनॉल का मिश्रण कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने इस शीरे पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

### इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी

कंपनियों ने कहा कि सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन राशि पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के खरीद मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर के ऊपर दी जाएगी। बी-हैवी श्रेणी के शीरा और जूस से बनने वाले इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी।

# भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।'

कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं। एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। दिग्गज बैंकर ने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था। वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाज़ार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई।




■ भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा

■ लोग अपना धन एमएफ और शेयर बाजार में लगा रहे

*निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही : कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/ उधारकर्ता और जारीकर्ता/ निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।*

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था।



■ गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

### नवंबर में सोने का निर्यात 9.2 फीसदी बढ़ा

सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।



■ चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

## बीएसईएस छतों पर 1,000 सौर इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी बीएसईएस ने अभी तक छतों पर 6,000 सौर इकाइयां स्थापित की हैं और उसकी योजना अगले वित्त वर्ष में कम से कम 1,000 और इकाइयां लगाने की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छतों पर सबसे ज्यादा 3,650 सौर इकाइयां उपकरण घरेलू खंड में लगाई गईं। इसके बाद वाणिज्यिक खंड में 1,087 इकाइयां, शिक्षण संस्थानों में 939 इकाइयां, औद्योगिक क्षेत्र में 85 इकाइयां और अन्य क्षेत्रों में 129 इकाइयां स्थापित की गईं। बीएसईएस ने एक बयान में कहा, 'छत पर लगने वाले सौर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही। आवासीय, शिक्षण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ता बड़े पैमाने पर छत पर सौर नेट मीटरिंग के प्रति आकर्षित हुए हैं।'

## रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

# नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी। दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

■ एनएसई दो लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा

### क्या है इसका मकसद

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है।

आसान भाषा में समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।

### दूसरा सेशन डीआर साइट पर

वहीं, दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। वहीं, क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बता दें कि एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन आयोजित करेगा। बीएसई की ओर से भी इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।



### ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी

सर्कुलर के मुताबिक इस दिन सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

### सर्कुलर में क्या कहा गया है

एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

### वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल





**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव तिहाड़ा, प्राणपुरा व आसलवास में जनसभाओं को किया संबोधित

# व्यवस्था परिवर्तन के साथ ग्रामीण आंचल को बनाया जा रहा सशक्त : दुष्यंत

ग्राम पंचायत की मांगों पर संज्ञान लेते हुए यथासंभव पूरा करने का विश्वास दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। डिप्टी सीएम का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। जनसभा को संबोधित करते दुष्यंत चौटाला। फोटो :हरिभूमि

■ सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के प्रत्येक हल्के व प्रत्येक गांव का एक समान विकास करा रही

हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए विशेष रूप से ग्रामीण आंचल को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित करने के लिए घर द्वार पर सरकारी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों को प्रभावी रूप से मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव तिहाड़ा, प्राणपुरा व आसलवास में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम पंचायत की मांगों पर संज्ञान लेते हुए यथासंभव पूरा करने का विश्वास दिलाया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार की सोच हरियाणा प्रदेश का विकास कराने की है और सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के प्रत्येक हल्के व प्रत्येक गांव का एक समान विकास करा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय व समान विकास की विचारधारा के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अब कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया के अमल में आने से प्रदेश के नागरिकों को जाति, जन्म व रिहायशी प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसी लगभग सभी सुविधाएं घर से ही प्राप्त हो रही है।

**जनता से किए वायदे पूरे कर रही सरकार :** उप मुख्यमंत्री दुष्यंत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को सुविधा दी है। अब फसल बेचने के दो दिन के अंदर-अंदर उपज का मूल्य किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाता है। सरकार की ओर से किसानों को फसल खराब होने पर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आए आवेदन अनुरूप मुआवजा राशि पीड़ित किसानों के खाते में तत्परता से पहुंच रही है। हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। सरकार बीज से बाजार तक अवधारणा के अनुरूप किसानों को उत्तम बीजों के वितरण से लेकर उनकी फसल खरीद हेतु बाजार तक पहुंच की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। अब सीएससी के माध्यम से माउस की एक क्लिक पर जमीन की फर्द निकल जाती है। सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी नीतियां लागू कर किसान, कमेरे और मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का काम किया है। आज प्रदेश के किसान को फसल का पूरा भाव मिल रहा है तथा फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं।

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर जजपा जिलाध्यक्ष विजय सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौधरी, पूर्व विधायक रामेश्वर दयाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, प्रदेश महासचिव श्यामसुंदर सभरवाल, मंजीत जेलदार, रामफल कोसलिया, बिमला चौधरी, राजबीर तिहाड़ा, राजबीर कालूवास, सत्येंद्र बाबा, प्रवक्ता अमन जून, युवा प्रधान संदीप श्योराण, चौ. देवीराम, भूप सिंह, जगदीश प्राणपुरा, धर्मवीर पहलवान, सुधीर चौधरी, धर्मवीर चौकन, सुंदर खटाना, जीतराम सरपंच, शिशराम चौकन, टेकचन्द सैनी, सचिन ढींगरा, अधिवक्ता अरुण यादव व सतीश सरपंच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### असहाय बच्चों को कराया भोजन


रेवाड़ी। बच्चों को भोजन कराते हुए सीआईडी स्टॉफ।

रेवाड़ी। गुप्तचर विभाग की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत प्रति माह जरूरतमंदों व असहाय लोगों की आर्थिक सहायता की जाती है। सीआईडी स्टॉफ समय-समय पर गरीब व असहाय लोगों को खाद्य सामग्री सहित अन्य सहायता प्रदान कर रहा है। शुक्रवार को गुप्तचर विभाग के जिला निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में रेजांगला पार्क में चल रहे झुग्गी-झोपड़ी स्कूल में 100 से अधिक बच्चों को भोजन कराया गया। इस मौके पर सीआईडी से एसआई सुनील, एसआई राजेश, एएसआई सुनील कुमार, एएसआई लालचंद, एचसी अजय कुमार व एचसी धनराज ने सहयोग किया। स्कूल संचालक नरेन्द्र गुगलानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की दी जानकारी


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित युवा व पुलिस।

रेवाड़ी। पुलिस की ओर से नशा विरोधी अभियान के तहत गांव परखोत्तमपुर में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जाटूसाना थाना प्रबंधक भगवत प्रसाद, सउपनि बाबूलाल, सिपाही धीरज तथा ग्रामीण मौजूद थे। जाटूसाना थाना प्रभारी ने युवाओं को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की।

### लवारिस मिले बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया


रेवाड़ी। बच्चें को परिजनों को सौंपती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। बस स्टैंड चौकी पुलिस ने लावारिस हालत में घूम रहे 13 साल के एक नाबालिग बच्चे के परिजनों की तलाश करके सकुशल उनके हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। शुक्रवार को पुलिस को एक बच्चा लावारिस हालत में घूमता मिला। पुलिस ने बच्चे का नाम व परिजनों का पता लगाया तो बच्चे की पहचान यश कुमार पुत्र जगवीर निवासी बारडा थाना सतनाली के रूप में हुई। पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के हवाले किया

## अंतर सदनीय ड्रामा स्पर्धा में आस्था सदन रहा प्रथम


रेवाड़ी। विजेता प्रतिभागी प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

■ स्कूल के चारों सदन के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

पुलिस लाइंस दिल्ली रोड स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में साहित्यिक क्लब की ओर से अंतर सदनीय ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्कूल के चारों सदन के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में आस्था सदन के प्रतिभागियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम को आधार बनाते हुए बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जिसमें कक्षा छठी से हार्दिक, प्रतीक चौहान, कक्षा सातवीं से दीया, पूर्वी, भूमिका, कक्षा नौवीं से जहान्वी, सारिका, नितिन और कक्षा ग्यारहवीं से रीतिका ने भाग लिया। सृष्टि सदन से रिशब, जीविका, हिमांशी, ओजस्विनी, चित्रा, गर्विता, सिद्धार्थ, दीपांशु, लक्ष्य, वीरेन, मुकुल, तमन्ना और महक ने दिव्यांग बच्चों के साथ समाज में होने वाले व्यवहार का अभिनय करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा लक्ष्य सदन से वियान, प्रतीक मुदगिल, अर्णव, हर्षिका, यशवर्धन, सुमित, दिव्या,कंचन और चंद्रा ने सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई कौशल अवश्य छिपा होता है। एक विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने भीतर मौजूद हुनर को बाल्यावस्था में ही समझ कर उसे सही दिशा में ले जाने का भरसक प्रयास करे। प्रधानाचार्य ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीतना इतना मायने नहीं रखता कि जितना उसका हिस्सा बनकर नए-नए अनुभव प्राप्त करना मायने रखता है।

## ध्यान से मिलता राग-द्वेष, तनाव से छुटकारा

■ सुबह के सत्र में आसन, प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। प्राणायाम कराते हुए ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय संस्था की ओर से गढी बोलनी रोड स्थित अमनगनी सोसायटी के योगा सेटर में चार दिवसीय एंडवास मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रशिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम का 31 दिसंबर को समापन होगा। प्रोग्राम का संचालन बैगलोर आश्रम से फाल्गुनी नानावटी कर रही है। कार्यक्रम में प्रशिक्षओं को साधना, सेवा व संत्संग का अनुभव कराया जा रहा है। शुक्रवार को संस्था के प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने सुबह के सत्र में आसन, प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के अगले सत्र में वरिष्ठ प्रशिक्षक फाल्गुनी नानावटी ने सभी प्रशिक्षुओं का गहन ध्यान का अनुभव कराया। उन्होंने कहा कि केवल सांसारिक गतिविधियों में रहने से शारीरिक व मानसिक व्याध्यिया आ जाती है। मनुष्य राग-द्वेष, तनाव, अवसाद व नकारात्मक भावनाओं का शिकार हो जाता है। साल में दो बार एंडवास कोर्स में ध्यान का अनुभव कराया जाता है, जिससे व्यक्ति फिर से दृढ़, स्थिरता, प्रेम, आनंद व सकारात्मकता का अनुभव करता है। मनुष्य को जीवन के हर क्षेत्र में कुशलता से जीने का तरीका आ जाता है। उन्होंने बताया कि एडवांस प्रोग्राम वही कर सकते है, जिन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग का बेसिक प्रोग्राम किया हुआ है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक सुमन, सुषमा यादव, उर्मिला भारद्वाज, डा. सुमन सैनी, स्वयंसेवक सुधीर, ,संदीप यादव, डा. कपिल व आकाश भारद्वाज सहयोग कर रहे है। प्रशिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने सोसायटी के निवासियों व निदेशक त्रिलोक चंद शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### युवाओं के लिए वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित


रेवाड़ी। खिलाड़ियों से मिलते पुलिसकर्मी।

कोसली। प्रदेश सरकार की हरियाणा उदय मुहिम के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के मार्गदर्शन में गांव नयां गांव जाटोवाला में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोसली थाना प्रबंधक राजेन्द्र कुमार, नाहड चौकी इंचार्ज गुलाबव मुख्य सिपाही अमित ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कोसली थाना एसएचओ ने युवाओं से पुलिस की नशा विरोधी मुहिम में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते है। जिला पुलिस की ओर से खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है ताकि वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सके।

### गांव पाल्हावास में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेते युवा।

रेवाड़ी। पुलिस की ओर से गांव पाल्हावास में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस की ओर से जिले में नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर थाना रोहडाई प्रबंधक उप निरीक्षक धर्मपाल, रजनीश, राजन तथा गांव के मौजिज व्यक्ति व खिलाड़ी मौजूद थे। थाना प्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा नशे की दलदल से बचे तथा देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे। पुलिस की ओर से खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है।

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए गारंटी वैन के पास उमड़ रहे लाभार्थी


रेवाड़ी। कार्योका शिलान्यास करते लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव खलीलपुरी, मांढ़ईयां कलां, बोहतवास भोंदू, जाड़रा, ऊंचा व श्रीनगर में पहुंची। कोसली विधानसभा के गांव बोहतवास भोंदू व जाड़रा में विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव, गांव ऊंचा व श्रीनगर में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव तथा गांव खलीलपुरी व मांढ़ईयां कलां में परिवार पहचान पत्र कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने बतौर मुख्य अतिथि संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया।

### संकल्प यात्रा भारत को विकसित बनाने का महायज्ञ : लक्ष्मण


रेवाड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते लक्ष्मण यादव।

विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का महायज्ञ है, जिसमें सभी को आहुति डालनी होगी। संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ देकर अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है और आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह सभी के सामुहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने इस दौरान बहोतवास-नांगल पठानी मुख्य सडक से रेलवे अंडरपास तक सडक निर्माण लागत 33.10 लाख, बहोतवास-बाबड़ौली सड़क से रोशनलाल की ढाणी तक रास्ता निर्माण 6.90 लाख, महेन्द्र सिंह के मकान से हरीश बाबू के मकान तक रास्ता निर्माण 3.83 लाख,, बाबा बालेश्वर मंदिर से बालधन सीमा तक 59.13 लाख की लागत के रास्ते का शिलान्यास भी किया।

### अरविंद की सक्रियता ने बढ़ाई टिकट की लाइन में लगने वालों की धड़कन

# भाजपा में टिकट दावेदारों के साथ बढ़ेगी गुटबाजी की आशंका

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी


अरविंद यादव


अजय पटौदा


अनिल रायपुर


सुनील मुसेपुर


अमित यादव


मुकेश कापड़ीवास

गत विधानसभा चुनावों में सीटिग एमएलए रणधीर सिंह कापड़ीवास को टिकट की उम्मीद से भाजपा के दूसरे नेता उनके साथ खड़े थे, परंतु उनकी टिकट कटने के बाद रणधीर कापड़ीवास व दूसरे भाजपा कई भाजपा नेता राव समर्थित पार्टी प्रत्याशी को हराने के लिए एकजुट हो गए थे। भाजपा में इस बार टिकट के दावेदारों की संख्या बढ़ने लगी है, जिससे एक बार फिर पार्टी में गुटबाजी हावी हो सकती है। यह गुटबाजी राव खेमे भी देखने को मिल सकती है।

टिकट कटने के बाद कापड़ीवास का बागी बनकर भाजपा प्रत्याशी का खुला विरोध करना भाजपा की एक सीट कम करने का सबसे बड़ा कारण बना था। राव विरोधी भाजपा नेताओं ने सुनील मुसेपुर को हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। भाजपा की गुटबाजी ने कांग्रेस को एक सीट थाली में सजाकर थमा दे दी थी। मुकाबले त्रिकोणीय होने का सीधा फायदा कांग्रेस को मिल गया था। अगर पार्टी इस गुटबाजी को समय रहते संभाल लेती, तो परिणाम अगल होना पूरी तरह निश्चित था। इस बार कापड़ीवास की जगह उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने इस हलके में एक ओर जहां युवा टीम को मजबूत करने की दिशा में तैयारी की जा रही है, तो दूसरी ओर टिकट पक्की करने के लिए वह निरंतर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव का सफल कार्यक्रम वह करा चुके हैं। ताऊ के जनाधार और वरिष्ठ नेताओं के साथ पुराने संबंधों की बदौलत मुकेश इस बार चुनाव मैदान में कूदने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। युवा नेता अमित यादव पार्टी के पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। हालांकि टिकट के लिए वह उछल-कूद में विश्वास करने की बजाय पार्टी के शीर्ष स्तर पर लिए जाने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। मौका मिलने पर वह भी मैदान में कूदने के लिए तैयार हैं। पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव जन्मदिन के बहाने शहर में शक्ति प्रदर्शन से टिकट के दूसरे दावेदारों की नींद उड़ा दी है। डा. अरविंद यादव को इस समय पार्टी में काफी वजनदार माना जा रहा है।

**राव खेमे में भी एक नाम पर सहमति नहीं :** अगर भाजपा एक बार फिर रेवाड़ी हलके की टिकट का फैसला केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पर छोड़ती है, तो इस बात की गारंटी नहीं है कि सुनील मुसेपुर को ही दूसरी बार आजमाया जाए। राव के खास समर्थकों की सूची में सबसे पर स्थान रखने वाले अनिल रायपुर और सहकारी बैंक निदेशक पूर्व पार्षद अजय पटौदा सुनील मुसेपुर का विकल्प बनने के लिए तैयार हैं। सुनील ने टिकट पक्की करने के लिए राव और भाजपा दोनों को एक साथ साधने की रणनीति पर काम तेज किया हुआ है। टिकट को लेकर राव समर्थक भी दो से अधिक खेमों में विभाजित हो सकते हैं।

### आरती को लेकर सस्पेंस बरकरार

पिछले चुनावों में राव इस हलके से अपनी बेटी आरती राव के लिए टिकट की मांग कर रहे थे, परंतु पार्टी ने इसके लिए साफ इन्कार कर दिया था। अगर पार्टी राव के दबाव में आरती को टिकट देने का निर्णय लेती है, तो राव समर्थक एकजुट होकर जीत की दिशा में कार्य कर सकते हैं। राव विरोधी खेमे से आरती को कोई राजनीतिक नुकसान नहीं पहुंचेगा, इस बात की कोई गारंटी नहीं है। कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव और उनके पिता इस बात की कामना जरूर कर रहे होंगे कि विधानसभा चुनावों में भाजपा के हालात एक बार फिर से वैसे ही बन जाएं, ताकि उनकी परंपरागत सीट हाथ से खिसकने नहीं पाए।

**कार्यालय राजकीय महाविद्यालय बावल रेवाड़ी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय बावल में दिनांक 01 जनवरी से 08 जनवरी 2024 तक लाइब्रेरी की पुरानी पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है अतः इच्छुक विद्यार्थी और व्यक्ति इन पुस्तकों का अवलोकन कर पुस्तक मूल्य की 20 प्रतिशत राशि पर पुस्तक खरीद सकता है।

हस्ता/-प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बावल

**खबर संक्षेप**

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने पर केस दर्ज

**कोसली।** गुड़ियानी गांव की एक महिला ने अपने देवर व भतीजों पर जमीन के विवाद को लेकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला बब्ली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार प्रातः उनका देवर व उनके दो लड़के उनकी जमीन में चिनाई का काम कर रहे थे। चिनाई के लिए मना करने पर उनके देवर रामकिशन व उनके दोनों बेटे प्रवीन व कपिल एकदम से पास आए तथा उनका गला दबा दिया तथा मारपीट की। चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गई। बाद में वह जान से मारने की धमकी देकरचले गए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

## घर में घुसकर अभ्रदता करने पर केस दर्ज

**कोसली।** उपमंडल के गांव की एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर अभद्र छेड़छाड़, मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार करीब 9 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। उनके पति ड्यूटी पर तथा बच्चे बाहर गए हुए थे कि गांव का रोहित घर में घुसकर उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। बचने का प्रयास करने पर गला दबाकर डंडे से मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

## घर से स्कूल के निकला 13 वर्षीय बच्चा गायब

**महेंद्रगढ़।** गांव बारड़ा से स्कूल के लिए निकला 13 वर्षीय छात्र अज्ञात परिस्थितियों में गायब हो गया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव बारड़ा निवासी जगबीर ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा यश सतनाली के एक निजी स्कूल में पढ़ता है तथा उसकी बेटी भी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं। सुबह के समय उसका बेटी व बेटी के साथ बस में स्कूल गए थे, लेकिन छुट्टी के बाद केवल उसकी बेटी ही अकेली घर आई।

## आदर्श स्कूल में कल फिजियोथेरेपी कैंप

**नारनौल।** स्त्री शिक्षा परिषद् की ओर से संचालित मोहल्ला चौधरीयान स्थित आदर्श हाई स्कूल में 31 दिसंबर को फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन होगा। कैंप में मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव होंगे।

### डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं दिखा असर, ओपीडी के साथ सुचारू रही इमरजेंसी सेवाएं

# हड़ताल में डॉक्टरों ने घर पर फरमाया आराम ओपीडी में खुद सीएमओ ने संभाली कमान





रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में ओपीडी लेते सीएमओ डॉ. सुरेन्द्र यादव, अस्पताल के नए भवन में आपीडी के बाहर खड़े लोग व अस्पताल में मरीज को लेकर आई एंबुलेंस।

नागरिक अस्पताल में रोजाना 1500 के करीब मरीजों की ओपीडी होती है। शुक्रवार को ठंड ज्यादा होने के कारण ओपीडी कम रही

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) एसोसिएशन के आह्वान पर मांगों को लेकर जिले में नागरिक अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। सरकारी डॉक्टरों ने न तो ओपीडी ली और न ही अन्य सेवाएं दी। हड़ताल के चलते सभी सरकारी डॉक्टर्स अपने निवास पर ही रहे। फिर भी डॉक्टरों की हड़ताल असर नागरिक अस्पताल में कम ही नजर आया। क्योंकि रिटारमेंट के बाद एक्सटेंशन पर लगे डॉक्टर, बीएमएस और ट्रेनिंग ले रहे डॉक्टरों को ओपीडी में तैनात किया गया था, जिसकी वजह से ओपीडी सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रही। सीएमओ डॉ. सुरेंद्र यादव सुबह से खुद बालरोग की ओपीडी का मोर्चा संभालकर बच्चों की जांच करते नजर आए, जिससे आम दिनों की तरह ही सभी ओपीडी भी चलती रही।

### लोगों की सुविधा का रखा ध्यान

एचसीएमएस एसोसिएशन हड़ताल के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एक्सटेंशन डॉक्टर, बीएमएस और ट्रेनी डॉक्टरों को ओपीडी में लगाया गया। अस्पताल में लोगों के लिए सभी सुविधाओं का इंतजाम किया गया। नागरिक अस्पताल सहित पीएचसी और सीएचसी में भी सभी इंतजाम किए गए।

-डॉ सुरेन्द्र यादव, सीएमओ रेवाड़ी।

### ओपीडी पर हड़ताल का नहीं, ठंड का असर

एचसीएमएस के बैनर तले के सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर 29 दिसंबर से पूर्णरूप से हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। डाक्टरों ने 27 दिसबंर को हड़ताल के दौरान ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ इमरजेंसी सेवाओं को बाधित करने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन शुक्रवार को हड़ताल के दौराननर नागरिक अस्पताल में सभी ओपीडी सहित सभी इमरजेंसी सेवाएं सुचारु थी। नागरिक अस्पताल में रोजाना 1500 के करीब मरीजों की ओपीडी होती है। शुक्रवार को ठंड ज्यादा होने के कारण ओपीडी कम रही, लेकिन हड़ताल का असर देखने को नहीं मिला।

### डॉक्टरों की प्रमुख चार मांगे

एचसीएमएस एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी डॉक्टर स्पेशलिस्ट का अलग से कैडर बनाने, केंद्र की तर्ज पर 4 एसीपी देने, डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती न करके एमओ को सीनियोरिटी के हिसाब से प्रमोशन देने और पीजी करने जाने वाले डॉक्टरों के लिए बॉन्ड पॉलिसी में बदलाव कर 1 करोड़ की बजाय 50 लाख करने की मांग कर रहे है। एचसीएमएस एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डा. पिंकेश धारीवाल, जिलाध्यक्ष डा. संदीप यादव व जिला महासचिव डा. अभिषेक राव ने कहा कि सरकार के साथ स्टेट पदाधिकारियों की वार्ता चल रही है। एसोसिएशन लंबे समय से चार प्रमुख मांगों की मांग सरकार से करती आ रही है।

### पोस्टमार्टम के लिए तीन डॉक्टर लगाए

सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल के चलते नागरिक अस्पताल व ट्रामा सेंटर में सभी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रही। नागरिक अस्पताल में मरीज भी एडमिट किए गए। स्वस्थ्य होने वाले मरीजों को छुट्टी भी दी गई। एंबुलेंस सेवा भी सुचारू रही। पोस्टमार्टम रूम में भी तीन डॉक्टर ड्यूटी पर तैनात थे। इसके अलावा गायनी में भी ओपीडी जारी रही व गर्भवती महिलाओं को एडमिट किया गया।




रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर मे सुचारू रही सेवाएं।




पोस्टमार्टम रूम में ड्यूटी पर डॉक्टर।

# भारतीय संस्कृति में प्राणियों की सेवा सर्वोपरि

- रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

रेलवे स्टेशन कोसली स्थित भाकली-2 में शुक्रवार को युवा श्याम सेवा संघ की ओर से रक्तदान व दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व मंत्री बिक्रम यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है। मुख्यातिथि ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। हमारी संस्कृति में समस्त मानव जाति व प्राणियों की सेवा करना सर्वोपरि है। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों की सेवा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।



रेवाड़ी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते बिक्रम यादव। फोटो: हरिभूमि

### दिव्यांगों को सीधा लाभ

रेडक्रॉस सोसायटी के साथ-साथ अनेक सामाजिक संस्थाएं दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ बेहतरीन कार्य कर रही है। सरकार भी विभिन्न योजनाओं के तहत दिव्यांगों को सीधा लाभ दे रही है, जिससे दिव्यांग समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। हमें दिव्यांगों के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. मेहता, डॉ. अर्चना, डॉ. सुषमा, डॉ उमाकांत, अर्जुन, अमन, नवीन गोयल, जोनी, अरुण, राहुल, हरेंद्र, साहिल, कपिल, टिंकू, रवि, अजय, सुरेन्द्र पंच व सतबीर सहित युवा श्याम सेवा संघ के सदस्य व अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सर्दियों में पौधों की विशेष देखभाल करने की आवश्यकता: अभय सिंह

**नाहड़।** पौधे प्रकृति का श्रृंगार हैं, यह हमें जीवन दान देते हैं। सर्दियों में इनकी विशेष देखभाल करने की आवश्यकता होती है ताकि इन्हें नष्ट होने से बचाया जा सके। इस समय सूबे में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोहरे तथा पाले का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पौधों की देखभाल करना ज्यादा जरूरी है। कई बार भारी ठंड तथा ज्यादा पाला पड़ने से पौधे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे मौसम में हल्की सिंचाई करके पौधों को ठंड से बचाया जा सकता है। कुछ पौधे तो 0 डिग्री तक के तापमान में जीवित रह सकते हैं, जबकि कुछ पौधे नष्ट हो जाते हैं। नाहड़ के वन राजिक अधिकारी अभय सिंह यादव ने बताया कि ठंड में पौधों के बचाव के लिए सल्फर एनपीके मोनो कोटा फास तथा एन-45 का मिश्रण का छिड़काव किया जा सकता है ताकि पौधों को तेज ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि अभी गुलाब की कलम लगाई जा रही है, जिसके लिए दो बेड तैयार किए गए हैं, जिसमें 2400 गुलाब की कलम लगाई जाएंगी, जिनका जनवरी माह के अंत तक फुटाव हो जाएगा। ऐसे मौसम में नीम, पापड़ी, जामुन, अमरूद, वोटलबूस, अमलतास, बकान व सरस के पौधे जीवित रहते हैं। उन्होंने लोगों को पौधों को सर्दी तथा ठंड से बचाने के विशेष टिप्स देते हुए बताया कि सर्दियों में पौधों को मल्चिंग करें, कोमल पौधों को घर के अंदर रखें, बाहर रखे हुए पौधों को कवर करें या आउटडोर प्लांट्स को ठंड से बचाने के लिए पॉलीथिन फैब्रिक प्लांट कवर कार्ड बोर्ड बाक्स या प्लास्टिक बॉक्स का उपयोग कर सकते हैं।



# विद्यार्थियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

- बच्चों को नशे के जाल से बचाने के लिए मिलकर काम करें शिक्षक व अभिभावक: सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवी के बच्चों के लिए वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट वर्षा जैन, बिजनेसमैन राजेंद्र सिंघल, एचडीएफसी बैंक मैनेजर संजय बत्रा, रमेश सचदेवा और विद्यालय के चेयरमैन राजेंदर सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मंच संचालन रीमा ने किया। विद्यार्थियों ने कार्निवल अभिव्यक्ति थीम पर मेला दिलो का, दिल ना दिया, गीता सार, आपा चकरी में, लॉन्ग लाची, डिस्को दीवाना, देश रंगीला, जोकर, वंदना, पपेट, स्केटिंग, योग और ताइक्वांडों में प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर मुख्यातिथि सीजेएम जैन ने कहा कि स्कूल मैनेजमेंट की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ संस्कारों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय बच्चों को नशे के जाल से बचाने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को मिलकर काम करना होगा। छात्र संघ चुनाव की अध्यक्षा भूमि ने स्कूल मैनेजमेंट के पदचिह्नों पर चलते हुए जिले का नाम रोशन करने की बात कही।



रेवाड़ी। कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### स्कूल का लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना

स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि स्कूल का लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे अपितु व्यावसायिक क्षेत्र में भी आगे बढ़े। आगामी सत्र में एंटरप्रेन्योर और यूपीएससी सेक्शन बनाकर तैयारी कराई जाएगी। बच्चों को अभी से प्रैक्टिकल रूप से तैयार किया जा रहा है। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर धन्यवाद किया तथा टीम सदस्य निशा यादव, रीमा, सोनाली, नवीन भारद्वाज, मदन डागर, रोहित, विवेक भारद्वाज, अभिषेक, मनोज, इन्द्राणी, वैशाली और मंजू के सरहानीय प्रयास की प्रशंसा की।

# स्वस्थ शिशु की उत्पत्ति में गर्भोत्सव संस्कार एवं योग क्रियाओं का विशेष महत्व: पाटिल

- स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

गर्भ संस्कार एक स्वस्थ व मानसिक रूप से सशक्त शिशु के जन्म में सहायक है वही माता का मनोबल बढ़ाकर नॉर्मल प्रसव में भी सहायक है। शुक्रवार को ललिता मेमोरियल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की ओर से गर्भोत्सव संस्कार एवं नूतन योग क्रियाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने शिरकत की। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा मित्तल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि पाटिल ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिला को कराए जाने वाली हर गतिविधि, आसपास के वातावरण एवं उपचार का सीधा प्रभाव उसके बच्चे पर जीवन भर देखा जा सकता है। इसलिए संस्कारित स्वस्थ शिशु की उत्पत्ति में गर्भोत्सव संस्कार एवं कराए जाने वाली उपयोगी योग क्रियाओं सहित दिए जाने वाले समुचित उपचार का विशेष महत्व है। विशिष्ट अतिथि संगीता खंडूजा ने कहा कि अस्पताल में संस्कारित स्वस्थ शिशु पैदा करने की दिशा में बेहतरीन प्रयास किए जा रहे है, जिसका जनसाधारण को भरपूर लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर लायनेस क्लब की प्रेसिडेंट पूजा भार्गव, तृप्ति भार्गव, रजनी भार्गव, रीता भार्गव व डा. निर्मला यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। मुख्यातिथि का स्वागत करती डॉ. सीमा मित्तल। फोटो: हरिभूमि

### सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने लाभार्थियों संग लिया आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरियाणा देशभर में पहले पायदान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭बावल

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से प्रदेश भर में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुड़कर लाभान्वित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति के मामले में हरियाणा देशभर में पहले स्थान पर है। सहकारिता मंत्री शुक्रवार को बावल विधानसभा के गांव चांदूवास व खेड़ी डालूसिंह में संकल्प यात्रा-जनसंवाद का स्वागत करने उपरांत लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने 2047 में देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए किए जा रहे देश के प्रधानमंत्री के प्रयास को पूर्ण करने में सभी लोगों के सहयोग की अपील की और लोगों को संकल्प भी दिलाया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सहकारिता मंत्री।

### कृषि की नई तकनीक सीख रहे किसान

कार्यक्रम के दौरान कृभको की ओर से किसानों को खेती में सहायक ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे लेकर किसान उत्साहित हैं। सरकार देश-प्रदेश में कृषि क्षेत्र में नवाचार व नई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रही है, ताकि बेहतर उपज के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सके। हरियाणा सहित अन्य राज्यों में किसान खेती के कार्यों में ड्रोन का उपयोग करने लगे हैं। सरकार कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। ड्रोन से बड़े क्षेत्रफल में महज कुछ मिनटों में नैनो तरल यूरिया सहित, प्राकृतिक खाद या दवाओं का छिडकाव किया जा सकता है।

### योजनाओं के लिए नहीं लगाने पड़ते दफ्तरों के चक्कर

डा. बनवारी लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरियाणा प्रदेश आगे भी पहले पायदान पर बना रहे, इसके लिए अधिकारी लगातार कड़ी मेहनत और लगन से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते रहें। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभपात्रों योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। भविष्य में इसके और भी बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी।

## वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**रेवाड़ी।** खरखड़ा के निकट एनएच-48 पार कर रहे एक साइकिल सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सौंप दिया। खरखड़ा में किराए के मकान में रहने वाला मूल रूप से यूपी के शिखराना खुर्द निवासी विजय सिंह के बेटे विरेश कुमार की एनएच-48 पर टायर पेंचर की दुकान है। वह बेटे को खाना देने के लिए घर से साइकिल लेकर निकला था। बेटे को खाना देने के बाद पास आते समय किसी वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। विजय दूर जाकर गिर गया। उसे लोगों ने एंबुलेंस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान विजय ने दम तोड़ दिया। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।